ओमान के सुल्तान महामहिम सुल्तान हैथम बिन तारिक
के सम्मान में आयोजित भोज में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, 16 दिसम्बर, 2023

भारत के लोगों, सरकार, और अपनी ओर से, मैं महामहिम और आपके प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रपति भवन में हार्दिक स्वागत करती हूं।

ये बड़े सौभाग्य और खुशी की बात है, कि आज हम एक साथ मिलकर, भारत और ओमान के बीच मित्रता और सहयोग का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।

महामहिम, आज के हमारे गहरे संबंध हमारे ऐतिहासिक संपर्कों में निहित हैं। प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर, भारत का इतिहास दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। ठीक इसी तरह, ओमान, अपनी सदियों पुरानी समुद्री विरासत और शांतिपूर्ण नीति के साथ, एक महत्वपूर्ण कड़ी रहा है, जो भारतीय उपमहाद्वीप को अरब प्रायद्वीप और उससे आगे की दुनिया से जोड़ता है।

सदियों पहले, भारत और ओमान के बंदरगाह वाणिज्य के केंद्र थे, जो व्यापार, संस्कृति और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते थे। इन ऐतिहासिक संबंधों ने आज हमारे बीच मजबूत रिश्तों की नींव रखी। यह हमारी अटूट मित्रता का प्रमाण है, जो समय की कसौटी पर खरी उतरी है।

वर्तमान में, व्यापक राजनीतिक संबंध, आर्थिक सहयोग, और लोगों के बीच संपर्क, हमारे द्विपक्षीय संबंधों को परिभाषित करते हैं, और इन्हें आगे बढ़ाते हैं।

महामहिम, आपके दूरदर्शी नेतृत्व में ओमान खाड़ी क्षेत्र में स्थिरता और विकास का प्रतीक रहा है। भारत को विकास और समृद्धि की यात्रा में, ओमान का भागीदार होने पर बहुत गर्व है। हमें खुशी है कि इस साल भारत की अध्यक्षता में, G20 शिखर सम्मेलन और अन्य बैठकों के दौरान ओमान की बहुमूल्य भागीदारी रही।

द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग हमारे संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ बन गए हैं। ओमान में भारतीय प्रवासियों ने ओमान के विकास में अहम भूमिका निभाई है। भारत-ओमान संबंधों को मजबूत करने में उनका अमूल्य योगदान है। ओमान में भारतीय समुदाय के कल्याण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में, महामहिम और ओमान के मैत्रीपूर्ण लोगों के निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए, मैं आभार व्यक्त करती हूं।

भारत और ओमान ऐसे देश हैं जिन्होंने सदियों से दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों का स्वागत किया है। यह विविधता की स्वीकृति, और विभिन्न संस्कृतियों और आस्थाओं का सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व ही है, जो हमारे देशों की विशिष्टता है।

महामहिम, जब हम भविष्य की ओर देखते हैं, हमें आगे सहयोग के लिए असीमित अवसर दिखाई देते हैं। चाहे व्यापार हो, शिक्षा हो, स्वास्थ्य सेवा हो या संस्कृति, विकास और सहयोग की संभावना असीमित है। साथ काम करके, हम न केवल अपने लोगों की भलाई के कार्य और बेहतर तरीके से कर सकते हैं, बल्कि क्षेत्रीय

स्थिरता और वैश्विक शांति में भी योगदान दे सकते हैं। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अगली पीढ़ी को हमारे साझा प्रयासों से लाभ मिले।

मेरा दृढ़ विश्वास है, कि आपकी यात्रा से मिली नई ऊर्जा और आपके सक्षम नेतृत्व में, हमारे दोनों देशों के बीच साझेदारी, दुनिया में सहयोग और मित्रता के उदाहरण के रूप में फलती-फूलती रहेगी।

इसके साथ, महामहिम, देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिल कर:

- महामहिम के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,
- ओमान के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि,
- और भारत और ओमान के बीच दोस्ती को हमेशा बनाये रखने के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।

****